# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 05.03.21**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**



आज दिनांक 05.03.21 को पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री विजय ढुल द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया तथा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परेड में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों सहित पुलिस लाइन एवं कार्यालयों से पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में डॉग स्कवाड द्वारा डेमो प्रदर्शित करते हुए छिपाई गई वस्तु को खोजने का परीक्षण किया गया जिसमें डॉग द्वारा अपनी कुशलता का परिचय देकर वस्तु की खोज में सफलता प्राप्त की गई। पुलिस लाइन ग्राउंड पर आरक्षी सुहेल द्वारा विशेष रुप से ड्रोन का प्रदर्शन किया गया जिसके माध्यम से महोदय द्वारा ड्रोन की दूरी, ऊँचाई व क्षमता का आंकलन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

तत्पश्चात सम्पूर्ण पुलिस लाइन का भ्रमण कर समस्त कार्यालयों एवं शाखाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्वार्टर गार्ड, आरमरी, आरआई कार्यालय, एमटी शाखा, कैश कार्यालय, जीडी कार्यालय, फील्ड यूनिट, एएचटीयू, स्टोर, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

तदोपरान्त महोदय द्वारा आदेश कक्ष में जनपद के समस्त गार्द व सुरक्षा ड्यूटी से संबंधित रजिस्टर्स का अवलोकन किया गया एवं पुलिसकर्मियों के कार्य, व्यवहार व सेवा से संबंधित विभिन्न पत्रावलियों की समीक्षा की गई तथा 09 पुलिसकर्मियों का ओ0आर किया गया।

**थाना ईसानगर पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त रानू को किया गया गिरफ्तार**



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना ईसानगर पुलिस द्वारा अभियुक्त रानू पुत्र बांकेलाल नि0 मिश्रगांव जमदरी थाना ईसानगर खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 103/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# **थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार**




पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त सम्बन्धित मु0अ0सं0 34/21 धारा 354/504/506 भादवि0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट गुरूविन्दर सिंह उर्फ बब्बू पुत्र गुरूप्रीत सिंह उर्फ बिट्टू सिंह नि0 कश्यपनगर थाना तिकुनिया खीरी को गिरफ्तार किया गया।

# थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा 02 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार




पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा 02 नफर वांछित अभियुक्त सम्बन्धित मु0अ0सं0 42/20 धारा 60(2) आब0अधि व 272 भादवि0 1. वीर सिंह उर्फ वीरू पुत्र गुरूवचन सिंह 2. गुरूमीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह नि0गण ग्राम नयापिण्ड मजरा खैरटिया थाना तिकुनिया जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

# <u>थाना फरधान पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार</u>




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में वाछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना फरधान पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त संबंधित अ0सं0 2124/18 धारा 304ए/356/323/504 भादवि छोटे सिंह पुत्र मुन्सान सिंह निवासी उदयपुर सिकटिहा थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

**<u>थाना मितौली पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त रानू को किया गया गिरफ्तार</u>**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना मितौली पुलिस द्वारा अभियुक्त आदेश कुमार पुत्र सुरेन्द्र तिवारी निवासी खंतदेशु थाना मितौली खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 103/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना संपूर्णानगर पुलिस द्वारा 250 ग्राम अवैध चरस सहित अभियुक्त मोहित पुत्र राजमन को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्वेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध मादक के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना संपूर्णानगर पुलिस द्वारा अभियुक्त मोहित पुत्र राजमन नि0 बालपुर थाना संपूर्णानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 250 ग्राम अवैध चरस बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 42/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा अवैध चाकू सहित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्वेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा अभियुक्त पिंकूराज पुत्र जगतपाल नि0 रामापुर थाना कोतवाली सदर खीरी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध चाकू बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 201/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया-**

- थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 23/21 धारा 406/420/467/468 भादवि में वांछित अभियुक्त संजय वर्मा पुत्र रामनाथ नि0 भगहा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
- थाना खीरी पुलिस द्वारा अ0सं0 600/17 में वारंटी अभियुक्त एजाज पुत्र लल्लन नि0 शैलगांव थाना व जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
- थाना खीरी पुलिस द्वारा अ0सं0 04/21 धारा 392/504/506 भादवि में वारंटी अभियुक्त रामरुप पुत्र भगौती नि0 जगसड थाना व जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
- थाना ईसानगर पुलिस द्वारा अ0सं0 866/88 धारा 323/504/506 भादवि में वारंटी अभियुक्तों 1. मकबूल पुत्र अजमुल्ला 2. मंगूलाल पुत्र छेद्दू 3. भार्दूलाल पुत्र नागेश्वर नि0गण करौली थाना ईसानगर जनपद खीरी 4. रामवृक्ष पुत्र केशव 5. अच्छेलाल पुत्र रामवृक्ष 6. मेवालाल पुत्र रामवृक्ष नि0गण वनटुकरा थाना ईसानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
- थाना ईसानगर पुलिस द्वारा अ0सं0 60/20 धारा 354 भादवि में वारंटी अभियुक्त तीरथ पुत्र भल्लू नि0 सिकटिहा थाना ईसानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

# <u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही</u>

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>120 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार</u>** किया गया है। विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | थाना | बरामदगी | गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | थाना मैगलगंज | 75 लीटर | 04 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 2. | थाना कोतवाली सदर | 20 लीटर | 02 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 3. | थाना तिकुनिया | 15 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 4. | थाना मोहम्मदी | 10 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| | कुल योग | 120 लीटर | 09 अभियुक्त गिरफ्तार |